
# फ्लाई ऐश के ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, एक की मौत, एक गंभीर





**गाडरवारा देशबंधु।** गाडरवारा से तेंदूखेड़ा जाने वाले मार्ग में ककरा घाट रोड पर झिरना गांव के पास एनटीपीसी की फ्लाई ऐश लेने जा रहे एक ट्रक ने बाइक सवारों को कुचल दिया। हादसे में कोंडिया निवासी दीपक धानक 26 साल की घटना स्थल पर मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथी अभिषेक धानक 25 साल को गंभीर चोटें आई हैं।

हादसे के समय ट्रक खाली था। फिर भी तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि एनटीपीसी प्लांट से निकलने वाले फ्लाई ऐश के ट्रक बिना नंबर प्लेट के सड़कों पर दौड़ते हैं। इससे दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने गाडरवारा सिविल अस्पताल के पास चक्काजाम कर दिया था तथा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही से आम लोगों को जान गंवानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बिना नंबर प्लेट और ओवरलोड ट्रकों पर तुरंत रोक लगाई जाए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो बड़े हादसे हो सकते हैं। आए दिन ऐसे वाहन लोगों के लिए खतरा बन रहे हैं।

# महिलाओं को सावित्री बाई फुले अलंकरण से किया सम्मानित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बीते शनिवार की देर शाम अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर शिक्षक संदर्भ समूह के तत्वाधान मे विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली लगभग 50 से अधिक महिलाओं का सम्मान किया गया। मंचासीन मातृ शक्ति द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती के पूजन एवं सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत शिक्षक संदर्भ समूह की महिला शिक्षकों ने किया।

कार्यक्रम में महिलाओ का सावित्री बाई फुले अलंकरण सम्मान पीत वस्त्र, ट्राफी, मैडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर अतिथियों ने किया। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाली महिलाओं में प्रमुख रूप से अधिवक्ता,कॉलेज अतिथि विद्वान, बैंक कर्मी, आँगनबाड़ी सुपर वाइजर एवं कार्यकर्ता सहित स्कूल शिक्षा विभाग से शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल रहे।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एसडीएम कलावती ब्यारे ने कहा कि वर्तमान दौर में महिलाओं के समक्ष अनेक चुनौतियाँ हैं जिनका डटकर सामना करने की जरुरत हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सोशल मीडिया का उपयोग बेहद सावधानी से करने की जरूरत है क्योंकि अनजाने लोग विभिन्न तरीको से पहचान बनाकर महिलाओं को परेशान करने का कार्य करते हैं।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक साधना स्थापक ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति में सदैव महिलाओं को सम्मान दिया जाता है। देश को आगे बढ़ाने में महिलाओं की भागीदारी हमेशा रहती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए शिक्षा देने का कार्य सबसे अच्छा एवं भरोसेमंद हैं क्योंकि हम उन्हें हमारे बच्चे भविष्य निर्माण के लिए सौंपते हैं। कार्यक्रम में सेवानिवृत प्राचार्य आरती पाठक एवं बीटीआई स्कूल प्राचार्य सुनीता पटैल ने कहा कि महिलाओं के सम्मान के लिये हुए इस आयोजन की जितनी प्रशंसा की जाये कम हैं। इस प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए। कार्यक्रम में इंजीनियर दीपा कौरव ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की जरुरत हैं। आजकल देखा जा रहा हैं की महिलाएं पुरुषो के बराबर कार्य कर रही हैं। उल्लेखनीय हैं कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में हेमा दिनेश मालपानी एवं शिल्पा राठी ने भी महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विजय नामदेव ए आभार प्रदर्शन हेमलता राजपूत ने किया।

कार्यक्रम के आयोजन में शिक्षक सन्दर्भ समूह के जिला समन्वयक सिराज अहमद सिद्धिकी,निर्मला पाराशर, मधुसूदन पटैल, राजेंद्र गुप्ता, सत्यम ताम्रकार,पवन राजौरिया,शेख जफ़र खान,सुरेन्द्र पटैल, प्रियंका अग्रवाल, डॉ आरती विश्वकर्मा, भागवती मेहरा, अंजुलता नेमा का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम में दिनेश मालपानी, प्रतुल इंदुरख्या, संदीप स्थापक, गिरीश पटैल, महेश अधरुज, गजेंद्र कौरव, अमित पटैल, रामेश्वर कहार, वंशीलाल अहिरवार, राघवेंद्र चौधरी, देवेंद्र ठाकुर, मनोज कौरव, शैलेश मोहन शर्मा, नीलू उपाध्याय, कोच अजय चौहान सहित अनेक नागरिक एवं मातृ शक्ति उपस्थित रही।

## सार-समाचार



### महिला पतंजलि योग समिति ने मनाया महिला दिवस

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** महिला पतंजलि योग समिति द्वारा महिला दिवस कार्यक्रम आशीष गार्डन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम योग समिति की राज्य प्रभारी पुष्पांजलि शर्मा के निर्देशानुसार एवं राज्य संवाद प्रभारी और जिला प्रभारी सुमन गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें गाडरवारा की विभिन्न क्षेत्र की समाजसेवी मातृशक्तियों की उपस्थिति रही। साथ ही नरसिंहपुर नगर से महिला पतंजलि योग समिति की जिला महामंत्री सुषमा मिश्रा , तहसील प्रभारी भारती कौरव, कोषाध्यक्ष नमिता कौरव एवं शकुन नामदेव, मंजू पटेल एवं रजनी चौरसिया की उपस्थित रही। जिला प्रभारी सुमन गुप्ता द्वारा पिछले सत्र की रिपोर्टिंग सौंपी गई एवं आगामी वर्ष में योग के प्रचार प्रसार हेतु मार्गदर्शन दिया गया। जिला महामंत्री सुषमा मिश्रा द्वारा महिलाओं का परिवार और समाज के प्रति समर्पण के लिए कविता के माध्यम से अपनी बात रखी। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने हेतु एक गीत के माध्यम से भारती कौरव ने अपनी बात कही। कार्यक्रम में नरसिंहपुर जिला की सभी तहसीलों से लगभग 80 मातृशक्तियों की उपस्थिति रही । कार्यक्रम के अंत में राज्य प्रभारी पुष्पांजलि शर्मा ऑनलाइन मीटिंग के माध्यम से सभी मातृ शक्तियों से जुड़ीं एवं सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने एवं महिला दिवस की बधाई दी।

### बीएसएनएल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** बीएसएनएल में नारी शक्तियों को सम्मान देने, उनके कार्यों एवं सहयोग को उचित पहचान देने एवं यूनियन के प्रति उनके समर्पण के लिए आभार प्रकट करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। बीएस रघुवंशी परिमंडल सचिव द्वारा सी एच क्यू के बुलेटिन में दिये गये बिंदुओं को अपने सम्बोधन में शामिल किया गया। महिला शक्तियों में से कामरेड श्रीमती किरण ठाकुर ने विचार व्यक्त किए । एजीएम पियूष सोनी , डब्लू डब्लू सी सी मध्यप्रदेश की सदस्य कामरेड यशोदा सोनी ,महिला कामरेड ममता विश्वकर्मा, द्वारा अपनी बात रखी । साथ ही नरसिंहपुर जिले का डब्लू डब्लू सी सी गठन किया गया है। जिसमें जिला संयोजक किरण ठाकुर ,सदस्य ममता विश्वकर्मा , यशोदा सोनी, कामिनी राजपूत संगीता चौबे, प्रियंका शर्मा, देवेन्द्र चंदेल शामिल हैं। जिला सचिव बीएसएनएल एम्पलाईज यूनियन नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटैल ने आभार व मंच संचालन जिलासचिव देवेन्द्र चंदेल ने किया।

### एमपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन 13 से

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10 वीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षा कापियों मूल्यांकन 13 मार्च से मूल्यांकन केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में प्रारम्भ पूर्व प्रथम चरण के मूल्यांकन का प्रशिक्षण मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत दलीप कुमार के निर्देशन एवम् जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार के मार्गदर्शन में 13 मार्च से प्रारम्भ हो रहे हाई स्कूल के हिंदी एवं हायर सेकेण्डरी के हिंदी एवं अंग्रेजी के मूल्यांकन कार्य में नियुक्त मूल्यांकन कर्ताओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण मूल्यांकन केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में भोपाल से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर डॉ श्री अशोक उदेनिया, प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव, प्रशांत पटेरिया संजीव नाहर द्वारा मूल्यांकन कर्ताओं को मूल्यांकन संबंधी जानकारी पवार प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया ।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि हाई स्कूल हायर सेकेण्डरी वार्षिक मूल्यांकन को गुणवत्तापूर्ण बनाने एवं समय समय पर होने वाली मूल्यांकन संबंधी त्रुटियों एवं समाधान हेतु लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल से मूल्यांकन संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मूल्यांकन अधिकारी एवं समन्वय संस्था उत्कृष्ट प्राचार्य जी एस पटेल द्वारा मूल्यांकन में लगे कर्मचारियों को कार्यमुक्त हेतू निर्देश जारी किए हैं।

# सात महीने बाद के भी लाखों की चोरी का पता नही लगा सकी पुलिस

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** स्टेशन थाना अंतर्गत करीब 7 माह पूर्व लाखों की चोरी का पता लगाने में पुलिस सफल नहीं हो सकी। पुलिस की कार्य प्रणाली से पीड़ित पूर्व टी आई ने पुलिस पर कई आरोप लगाए और कहा कि चोरी के इस मामले में पुलिस लीपा पोती कर रही है पुलिस का रवैया गैर जिम्मेदार और उदासीन है। रविवार को सरस रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता आयोजित कर सेवानिवृत नगर निरीक्षक शंकरलाल झारिया ने बताया कि उनके घर शुभ नगर में 6.8.2024 को नगद और जेवर सहित कुल 14 लाख रुपए की चोरी हुई थी। मेरी शिकायत पर थाना स्टेशनगंज नरसिंहपुर में मामला दर्ज किया गया था। श्री झारिया ने बताया कि प्रकरण में सीटीवी फुटेज, सीडीआर, मोबाइल कॉल तत्कालील एसपी अमित कुमार सिंह साहब की सक्रियता से घटना के करीब 8- 10 दिन में घटना करने वाले शातिर चोरो के नाम व पहचान स्पष्ट हो गई थी प्रकरण में 3.9.2024 को अपराधी चालक अभिनास पिता दारा सिंह पवार निवासी वाकी थाना अडेरा जिला बुलढाना महाराष्ट्र को उक्त प्रकरण में गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त वाहन डिजायर कार जब्त की गई थी। आरोपी उच्च न्यायालय जबलपुर से जमानत पर रिहा हो गया है। किंतु प्रकरण से संबंधित कोई संपत्ति पुलिस जब्त नहीं कर सकी और ना ही प्रकरण के मुख्य आरोपी आकाश पवार विजय उर्फ बिज्जू भोसले एवं लहु धंदर निवासी हैवरखेड जिला बुलढाना महाराष्ट्र को आज दिनांक तक करीब 7 माह के अंतराल में ना गिरफ्तार कर सकी और ना ही संपत्ति बरामदी की गई और ना पुलिस द्वारा कोई प्रयास किये गये । श्री झारिया ने बताया कि मैं स्वयं बुलढाना महाराष्ट्र जाकर वहाँ के एस.पी साहब प्रभारी क्राइम ब्रांच व अन्य से दो-तीन दिन रूककर उक्त चोरो की पतासाजी की गई । जिनके विरूद्ध डकैटी, लूट, नकबजनी, हत्या, हत्या का प्रयास जैसे गंभीर प्रकरण पंजीवद्ध है जिनका आपराधिक रिकार्ड मेरे द्वारा एस.पी , आई.जी एवं स्टेशनगंज थाना प्रभारी को उपलब्ध कराया गया।

# नरसिंहपुर जिला की जनता के दिलों पर राज करने वाले जननेता नेता नहीं, बेटा है जालम सिंह

**गोटेगांव, देशबन्धु।** पूर्व राज्यमंत्री, नर्मदा भक्त, गौसेवक, पर्यावरण प्रेमी और गरीबों के मसीहा श्री जालम सिंह पटेल का आज जन्मदिवस है। वे अपनी जनसेवा और विकास कार्यों के कारण न केवल नरसिंहपुर बल्कि पूरे मध्यप्रदेश की राजनीति का एक मजबूत चेहरा बन चुके हैं। उन्होंने अपने जीवन का हर क्षण आमजन के लिए समर्पित किया है। उनकी सरलता, विनम्रता और समस्या समाधान करने की क्षमता ने उन्हें पूरे प्रदेश में एक अलग पहचान दिलाई है।

**पारिवारिक पृष्ठभूमि और जन्म**-श्री जालम सिंह पटेल का जन्म 10 मार्च 1964 को नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में एक प्रतिष्ठित कृषक परिवार में हुआ। वे प्रसिद्ध समाजसेवी एवं किसान श्री मुलायम सिंह पटेल के पुत्र हैं। उनके परिवार का समाजसेवा और राजनीति से गहरा नाता रहा है। गोटेगांव के चहेते नेता, गरीबों के मसीहा श्री पटेल सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि आमजन के हितैषी और समाज के हर वर्ग के सहयोगी हैं। वे गोटेगांव के चहेते नेता और युवाओं के आदर्श माने जाते हैं।



**शिक्षा और खेल में अभिरुचि**-बचपन से ही वे पढ़ाई और खेलकूद में अव्वल रहे। उन्होंने जबलपुर के प्रसिद्ध साइंस कॉलेज से बीएससी की उपाधि प्राप्त की। वे खेलों में विशेष रुचि रखते थे और वॉलीबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, हॉकी, भाला फेंक, ऊँची कूद सहित कई खेलों में कॉलेज, यूनिवर्सिटी और जिले का प्रतिनिधित्व किया।

**राजनीतिक सफर जनसेवा से जननेता तक का सफर**-श्री पटेल ने राजनीति में अपना सफर गोटेगांव कृषि उपज मंडी अध्यक्ष के रूप में शुरू किया, जहाँ उन्होंने किसानों, मजदूरों और व्यापारियों के हित में ऐतिहासिक कार्य किए। इसके बाद वे 2003 में पहली बार विधायक बने और 2013 से 2018 तक नरसिंहपुर से विधायक चुने गए। फिर 2018 में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के विधायक बने और अपने क्षेत्र में अनेक विकास कार्य किए। 2023 में अपने भाई के लिए स्वयं से सीट छोड़ दी। श्री पटेल ने हमेशा जनता की आवाज को बुलंद किया और कई बार अपनी ही सरकार से जनता के मुद्दों पर टकराने में भी संकोच नहीं किया। कोरोना संकट के समय श्री पटेल ने अपने संसाधनों और समर्थकों के माध्यम से हजारों जरूरतमंद लोगों तक राशन, भोजन, दवाइयाँ और आर्थिक सहायता पहुंचाई।

**धार्मिक और आध्यात्मिक जीवन**-वे श्रीश्री बाबा श्री के परम कृपा पात्र शिष्य और मां नर्मदा के अनन्य भक्त हैं। उन्होंने नर्मदा परिक्रमा पूर्ण करके युवाओं के लिए एक प्रेरणा प्रस्तुत की। वे समाज में जागरूकता लाने और नई पीढ़ी को सही दिशा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

**सादगी और सेवा का प्रतीक**-श्री पटेल का राजनीतिक जीवन संघर्ष, सेवा और सादगी की मिसाल है। धैर्य, संकल्प और कर्मठता के प्रतीक श्री जालम सिंह पटेल युवाओं के लिए आदर्श हैं। वे हमेशा निष्कलंक राजनीति और समाजसेवा को ही अपना धर्म मानते हैं और क्षेत्र की जनता के लिए एक सच्चे मार्गदर्शक हैं।

जन्मदिवस की शुभकामनाएं-हम सभी क्षेत्रवासी आपके स्वस्थ, सुखद और दीर्घायु जीवन की कामना करते हैंनगर की जनता ने नगर के गौरव और अपने प्रिय लाडले नेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# दो ट्रेनों में कोच बढ़ने से यात्रियों को मिलेगी अतिरिक्त सुविधा

**गाडरवारा, देशबन्धु।** प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु स्थाई/अस्थाई अतिरिक्त कोच लगाए जाते हैं। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/ टमिनट होने वाली इटारसी-भोपाल-इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस, इटारसी-प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस में स्थाई कोच लगाने का निर्णय लिया गया है।

गाड़ी संख्या 11272 भोपाल से इटारसी एक्सप्रेस में भोपाल से 08 मार्च 2025 से और गाड़ी संख्या 11271 इटारसी से भोपाल एक्सप्रेस में इटारसी से 11 मार्च 2025 से गन्तव्य के लिए एक वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का स्थाई कोच लगाया जा रहा है। विंध्याचल एक्सप्रेस पमरे के प्रमुख भोपाल, सांची, विदिशा, गंजबासौदा. मंडीबामौरा. बीना. खुरई, सागर, गणेशगंज, दमोह, कटनी मुड़वारा, स्लीमनाबाद, डुंडी, सिहोरा रोड, गोसलपुर, देवरी, जबलपुर, मदन महल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, करेली, गाडरवारा एवं पिपरिया स्टेशनों से होते हुए गंतव्य के लिए संचालित होती है।

मार्केट वॉच गाडरवारा
क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र
अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
Sara Group of Institutions
पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
• प्राथमिक चिकित्सा उपचार
• आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
• योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
• फैशन डिजायनिंग
• संगणक अनुप्रयोग डीसीए
प्रवेश प्रारंभ
एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883
स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
• आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
• आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
• सायबर कानून
• जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
• संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए

